गुरुवार
21 ,मई , 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर








वर्ष 2, अंक 101 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com


## राजगीर मलमास मेला में शाही स्नान को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राजकीय मलमास मेला 2026 में होने वाले शाही स्नान एवं सर्वार्थ सिद्धि स्नान को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारी पूरी कर ली है। बुधवार को जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में आरआईसीसी राजगीर में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधि-व्यवस्था, सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण तथा श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े सभी बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

17 मई से 15 जून तक आयोजित होने वाले राजकीय मलमास मेला में बिहार सहित देश के विभिन्न राज्यों तथा नेपाल और श्रीलंका जैसे पड़ोसी देशों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। प्रशासन के अनुसार 27 मई, 31 मई और 11 जून को होने वाले शाही स्नान के दौरान करीब दो से ढाई लाख श्रद्धालुओं के कुंडों में स्नान करने की उम्मीद है। इसके अलावा 21 मई और 15 जून को भी भारी भीड़ उमड़ने की संभावना जताई गई है।

मेला क्षेत्र में सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए लगभग 950 दंडाधिकारी, 530 पुलिस पदाधिकारी, 100 होमगार्ड तथा घुड़सवार पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। 38 टीओपी, 16 वॉच टावर और 550 सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से पूरे मेला क्षेत्र की निगरानीकी जाएगी। ब्रह्मकुंड, वैतरणी और अन्य प्रमुख स्थलों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए 14 आवासन स्थल बनाए गए हैं, जिनमें जर्मन हैंगर और वाटरप्रूफ पंडाल शामिल हैं। स्टेट गेस्ट हाउस मैदान में वीआईपी टेंट सिटी सहित लगभग छह हजार लोगों के ठहरने की व्यवस्था की गई है। गर्मी से राहत के लिए मिस्ट कूलर, पेयजल, शौचालय, पंखा, कूलर और सीसीटीवी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।पेयजल के लिए 300 प्याऊ, 125 स्टैंड पोस्ट और 15 टैंकर लगाए गए हैं। वहीं 1000 से अधिक शौचालय, 25 दीदी की रसोई, 8 अस्थायी अस्पताल, 18 स्वास्थ्य शिविर और 16 एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई है। चिकित्सा सहायता के लिए 24 घंटे स्वास्थ्यकर्मी और पारामेडिकल स्टाफ तैनात रहेंगे।

स्वच्छता को लेकर पूरे मेला क्षेत्र को तीन जोन में बांटकर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। तीन पालियों में 617 सफाईकर्मी और बड़ी संख्या में वाहन लगाए गए हैं। अग्निशमन, आपदा प्रबंधन, रेड कॉरिडोर, एसडीआरएफ टीम और आपदा मित्रों की भी तैनाती की गई है।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ट्रैफिक डायवर्जन प्लान, पार्किंग स्थल, रिंग बस सेवा, ई-रिक्शा रूट निर्धारण और मोबाइल नेटवर्क क्षमता बढ़ाने की भी व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने दावा किया है कि इस बार मलमास मेला को पहले से अधिक सुव्यवस्थित, सुरक्षित और श्रद्धालु अनुकूल बनाने के लिए व्यापक तैयारी की गई है।

## नालंदा में नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, 7 दिनों में दाखिल होगी चार्जशीट

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के तेलमर थाना क्षेत्र में नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पाकड़ गांव निवासी बोतल्ली बिन्द उर्फ सुधीर बिन्द के 20 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार के रूप में हुई है। पुलिस आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया में जुटी है तथा उसके आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, 18 मई को पीड़िता की मां ने तेलमर थाना पहुंचकर लिखित आवेदन देकर न्याय की मांग की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तेलमर थाना कांड संख्या-24/26 दर्ज किया। प्राथमिकी भारतीय न्याय संहिता की धारा 65(1) एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 के तहत दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया।

जांच के दौरान पुलिस ने पीड़िता का चिकित्सकीय परीक्षण कराया तथा उसके बयान की वीडियोग्राफी भी कराई गई। इसके बाद न्यायालय में धारा 164 के तहत पीड़िता का बयान दर्ज कराया गया। तकनीकी साक्ष्यों एवं मानवीय सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर आरोपी रौशन कुमार को गिरफ्तार कर लिया।इस कार्रवाई में तेलमर थानाध्यक्ष पुलिस अवर निरीक्षक चन्द्रशेखर कुमार, कल्याणबिगहा थानाध्यक्ष निशा भारती, सहायक अवर निरीक्षक धीरज कुमार तथा तेलमर थाना के सशस्त्र बल की सक्रिय भूमिका रही।

## ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में बंद रहीं मेडिकल दुकानें, कारोबार प्रभावित



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट के आह्वान पर नालंदा जिला औषधि विक्रेता संघ द्वारा बुधवार को आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल का जिले में व्यापक असर देखने को मिला। हड़ताल के समर्थन में जिले की अधिकांश दवा दुकानें पूरी तरह बंद रहीं, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। संघ के पदाधिकारियों के अनुसार, इस बंद के कारण जिले में लगभग 50 लाख रुपये के दवा कारोबार के प्रभावित होने का अनुमान है।

संघ के अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार ने बताया कि दवा कारोबार ड्रग एक्ट के कड़े नियमों के तहत संचालित होता है, जहां योग्य डी.फार्मा एवं बी.फार्मा डिग्रीधारकों की निगरानी में ही दवाओं की बिक्री की अनुमति है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जारी ऑनलाइन दवा आपूर्ति संबंधी नोटिफिकेशन अब तक वापस नहीं लिया गया है, जिसके विरोध में देशभर के दवा विक्रेता आंदोलन कर रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि ऑनलाइन दवा व्यापार के कारण नकली दवाओं की बिक्री बढ़ी है और बिना वैध डॉक्टर पर्ची के दवाएं आसानी से उपलब्ध कराई जा रही हैं। शेड्यूल एच-1 जैसी संवेदनशील दवाओं की ऑनलाइन बिक्री भी गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। दवा विक्रेताओं ने आम लोगों से केवल पक्के बिल वाली दवाएं खरीदने की अपील की।

इस दौरान राजेश कुमार, ज्योति कुमार, संतोष कुमार, धनंजय कुमार, निहाल आलम, अनुज कुमार एवं अन्य दवा व्यवसायी उपस्थित रहे।

## मिड-डे मील खाने के बाद 50 से अधिक बच्चे बीमार, अस्पताल में भर्ती



नगरनौसा (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के नगरनौसा प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय कला कैला में बुधवार को मिड-डे मील खाने के बाद पचास से अधिक बच्चों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। भोजन करने के कुछ ही देर बाद बच्चों को उल्टी, दस्त, पेट दर्द और चक्कर आने की शिकायत होने लगी। कई बच्चे स्कूल परिसर में ही बेहोश होकर गिर पड़े। घटना के बाद विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई और अभिभावकों के बीच दहशत का माहौल बन गया। आनन-फानन में शिक्षकों, ग्रामीणों और प्रशासन की मदद से सभी बच्चों को नगरनौसा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। कुछ बच्चों की हालत गंभीर होने पर उन्हें बेहतर उपचार के लिए चंडी रेफरल अस्पताल भेजा गया, जबकि कई परिजन अपने बच्चों को निजी अस्पतालों में भी इलाज के लिए ले गए।

अस्पताल में इलाजरत पांचवीं कक्षा की छात्रा अमृता कुमारी ने बताया कि बुधवार को मध्याह्न भोजन में चावल और चने की सब्जी परोसी गई थी। भोजन करते समय सब्जी में एक संदिग्ध गोली जैसी वस्तु दिखाई दी थी। छात्रा के अनुसार लगभग सभी बच्चों ने वही भोजन किया था, जिसके बाद एक-एक कर बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। कुछ बच्चों को तेज चक्कर आने लगे तो कई को उल्टी और दस्त की शिकायत होने लगी।

विद्यालय की कुछ छात्राओं ने बताया कि प्रतिदिन की तरह इस बार बच्चों को भोजन परोसने से पहले शिक्षकों द्वारा भोजन की जांच या स्वाद नहीं लिया गया था। हालांकि बाद में अमरेश सर नामक शिक्षक ने भी वही भोजन किया, जिसके बाद उनकी तबीयत भी खराब हो गई और उन्हें भी इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। इस घटना के बाद विद्यालय की भोजन व्यवस्था और निगरानी प्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।

विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रजनी कुमारी ने बताया कि बच्चों को मिड-डे मील में छोला और चावल दिया गया था। भोजन शुरू होने के कुछ देर बाद ही बच्चों की तबीयत खराब होने लगी। कई बच्चों को उल्टी-दस्त होने लगे और कुछ बच्चे बेहोश हो गए। स्थिति गंभीर होते देख तुरंत स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन को सूचना दी गई तथा सभी बच्चों को अस्पताल पहुंचाया गया। उन्होंने बताया कि घटना की लिखित सूचना विभाग के वरीय अधिकारियों को भेज दी गई है।

घटना की जानकारी मिलते ही हिलसा अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल एवं नालंदा सिविल सर्जन डॉ. जयप्रकाश सिंह चंडी रेफरल अस्पताल पहुंचे और इलाजरत बच्चों की स्थिति की जानकारी ली। वहीं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आनंद शंकर तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी आनंद विजय ने भी नगरनौसा और चंडी अस्पताल पहुंचकर बच्चों के स्वास्थ्य की समीक्षा की।

अस्पताल में भर्ती बच्चों में अमृता कुमारी, अंकुश कुमार, अनुराधा कुमारी, तमन्ना, निशु मुस्कान, कृति, ऋषि, आरती, सिमरन, खुशी, आदित्य, प्रियांशु, प्रिय, दीपक, प्रीति, डोली, सौरभ, किरण और राधा कुमारी सहित पचास से अधिक बच्चे शामिल हैं। मौके पर बीडीओ ओमप्रकाश कुमार, सीओ सत्येंद्र कुमार, थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा, प्रखंड प्रमुख रंजु कुमारी और बीआरसी एकाउंटेंट आशीष कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद रहे

# सेवानिवृत्ति समारोह में आचार्य अनिल कुमार द्विवेदी को दी गई भावभीनी विदाई



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बुधवार को पूज्य तपस्वी श्री जगजीवन जी महाराज सरस्वती विद्या मंदिर के विशाल सभागार में भौतिक विज्ञान के आचार्य अनिल कुमार द्विवेदी के सेवानिवृत्ति विदाई सह सम्मान समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार ने भावभीनी विदाई देते हुए उनके लंबे सेवाकाल और योगदान की सराहना की।

समारोह का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य अनंत कुमार सिन्हा, आचार्य श्री अनिल कुमार द्विवेदी एवं उनकी धर्मपत्नी सुशीला देवी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद विद्यालय परिवार की ओर से पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर आचार्य श्री द्विवेदी को सम्मानित किया गया।

अपने संबोधन में प्रधानाचार्य श्री अनंत कुमार सिन्हा ने कहा कि सेवा में प्रवेश के साथ ही सेवानिवृत्ति की तिथि निर्धारित हो जाती है, लेकिन अपने कार्यों और संस्कारों के माध्यम से व्यक्ति हमेशा याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि आचार्य श्री द्विवेदी ने विद्यालय में



पूर्ण ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण भाव से कार्य करते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार देने का महत्वपूर्ण कार्य किया।

इस अवसर पर आचार्य पवन कुमार सिंह एवं प्रशांत ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए उनके व्यक्तित्व, अनुशासन और कार्यशैली की सराहना की। वहीं आचार्य श्री अनिल कुमार द्विवेदी ने अपने सेवाकाल की स्मृतियां साझा करते हुए सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को कर्तव्यनिष्ठा एवं अनुशासन के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम का संचालन सोनी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन रोहित कुमार महतो द्वारा किया गया। समारोह में विद्यालय के सभी आचार्यगण, दीदीजी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सहज योग और सत्संग से राजगीर मलमास मेले में गूंजा आध्यात्मिक संदेश



राजगीर (अपना नालंदा)। कबीरपंथी आश्रम, निचली बाजार राजगीर में आयोजित मलमास मेला अन्नक्षेत्र एवं सत्संग के तीसरे दिन योग, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रातःकाल योग विशेषज्ञ एवं धर्माचार्य हृदय नारायण झा ने सामान्य योग सत्र के दौरान कबीर विद्यापीठ के बच्चों को ओम उच्चारण की शुद्धता के साथ पद्मासन, तुलासन, वज्रासन, शशकासन, भुजंगासन, मार्जरी आसन, उष्ट्रासन तथा रेचक-पूरेक प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि योग अभ्यास बच्चों की क्रियाशीलता और मानसिक विकास में सहायक होता है।

मठ के संरक्षक महंत ब्रजेश मुनि बच्चों के उत्साह से प्रभावित हुए और उन्हें ताड़ासन एवं वृक्षासन का अभ्यास कराते हुए कहा कि नियमित योग बच्चों में उन्नत संस्कार और अनुशासन विकसित करता है।

अपराह्न चार बजे से मठ के व्यवस्थापक संत प्रवीण साहेब एवं धीरेन्द्र शास्त्री ने कबीर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को निर्गुण भक्ति रस में सराबोर कर दिया। सत्संग को संबोधित करते हुए हृदय नारायण झा ने सद्गुरु कबीर साहेब के प्रकट होने की कथा सुनाई और सहज योग का महत्व बताते हुए कहा कि आत्मा और परमात्मा का स्वाभाविक मिलन ही सहज योग है। उन्होंने कहा कि सद्गुरु की कृपा, नाम स्मरण और आत्मसाधना से मन अनहद नाद रूपी दिव्य ध्वनि में लीन हो जाता है।

कार्यक्रम में महंत धर्मदेव दास, सद्गुरुशरण शास्त्री, महंत नरोत्तम दास फक्कड़ बाबा, संत दिवाकर दास सहित अनेक संत एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।









# सहयोग शिविरों में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़, मौके पर हुआ समस्याओं का समाधान



आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को बिलारी पंचायत तथा बुधवार को कटौना पंचायत में शिविर लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं। प्रशासन द्वारा आगामी 2 जून को मैराबरीठ और दरवेशपुरा पंचायत में भी सहयोग शिविर आयोजित करने की घोषणा की गई है, जबकि कतरी पंचायत में सबसे अंत में शिविर लगाया जाएगा।

प्रखंड विकास पदाधिकारी रजनीश कुमार ने बताया कि वरीय उपसमाहर्ता संजीत बक्शी की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में ग्रामीणों से विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें और आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को भेजकर निष्पादन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव हो रहा है, उनका ऑन द स्पॉट निष्पादन भी किया जा रहा है। हालांकि राजगीर मलमास मेला को लेकर कई विभागीय पदाधिकारी व्यस्त हैं, जिसके कारण सभी विभागों की उपस्थिति हर शिविर में संभव नहीं हो पा रही है। इसके बावजूद आवेदन विभागवार संबंधित कार्यालयों को भेजकर समस्याओं के समाधान की कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

शिविर में सीओ रचना कुमारी, गिरियक पुलिस निरीक्षक, थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। वहीं जीविका समूह की महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।

# भाजपा शक्ति केंद्र बैठक में बूथ सशक्तिकरण और जनसंपर्क अभियान पर जोर




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। भारतीय जनता पार्टी बिहारशरीफ नगर उत्तरी के अंतर्गत शक्ति केंद्र संख्या-1 की बैठक बुधवार को सोहडीह स्थित शक्ति केंद्र प्रमुख सुनील कुमार के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में वार्ड संख्या एक और दो के अंतर्गत आने वाले सोहडीह, बबुरबन्ना एवं सहोखर मोहल्ले के सभी बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील कुमार ने की।

बैठक में जिला मंत्री सह मंडल प्रभारी अमरेश कुमार एवं नगर अध्यक्ष संदीप कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस दौरान संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाने की रणनीति तैयार की गई। निर्णय लिया गया कि सभी बूथ अध्यक्ष स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों के साथ नियमित बैठक कर उनकी समस्याओं को सुनेंगे तथा संगठन विस्तार को गति देंगे।


बैठक को संबोधित करते हुए अमरेश कुमार ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता देवतुल्य है और राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना के साथ कार्य करता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक कार्यक्रम "मन की बात" को प्रत्येक बूथ पर सामूहिक रूप से सुनने और देखने का आग्रह किया।

नगर अध्यक्ष संदीप कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार की योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंच रहा है। बैठक में कई बूथ अध्यक्ष एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।









# हरनौत के चंडी मोड़ पर स्थायी प्याऊ केंद्र का लोकार्पण




हरिओम कुमार

हरनौत(अपना नालंदा)।भीषण गर्मी के बीच राहगीरों और जरूरतमंद लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हरनौत नगर पंचायत द्वारा स्थानीय बाजार के चंडी मोड़ पर बुधवार को स्थाई प्याऊ केंद्र का शुभारंभ किया गया।लोकार्पण नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सौरभ सुमन द्वारा पूजा अर्चना के साथ किया गया। लोकार्पण के दौरान मुख्य पार्षद प्रतिनिधि धीरज कुमार और पल्लू सिंह , उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सुरेश सिंह सहित अन्य शामिल हो कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।वहीं उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सुरेश सिंह ने बताया कि तकरीबन 10 लख रुपए के लागत से

स्थायी नॉर्मल एंड कुल प्योरीफाई वाटर सिस्टम स्थापित किया गया है। बताया कि नगर पंचायत के चंडी मोड़ रोड़ प्रखंड मुख्यालय, लोयोला स्कूल, बस्ती सहित अन्य प्रमुख चौक-चौराहों पर नॉर्मल एंड कुल वाटर सिस्टम लगाया जा रहा है।जिसमें प्रखंड मुख्यालय, लोयोला स्कूल, चड़ी मोड़ पर यह सिस्टम राहगीरों और स्थानीय निवासियों को हर मौसम में शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य शुरू किया गया है।इस सिस्टम की कार्यप्रणाली के अनुसार, स्वयं के मोटर के जरिए पानी को एक हजार लीटर की टंकी में भरा जाएगा। इसके बाद प्योरीफिकेशन सिस्टम से शुद्ध पानी नॉर्मल एंड कुल सिस्टम तक पहुंचेगा, जहां से ठंडा और नॉर्मल पानी उपलब्ध होगा। इसमें 500 लीटर का ठंडे पानी संग्रह के लिए एक टैंक भी लगा है।यह व्यवस्था पूरे साल मौसम के अनुसार पानी की जरूरतों को पूरा करेगी।इस दौरान स्थानीय निवासियों ने इस पहल का स्वागत किया है। उनका कहना है कि यह योजना नगर पंचायत को एक आदर्श मॉडल बनाएगी। गर्मियों में ठंडा पानी की उपलब्धता से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। स्थायी प्याऊ सिस्टम राहगीरों और नागरिकों के लिए एक बड़ी सुविधा साबित होगी।मौके पर वार्ड पार्षद अनिल कुमार, वार्ड पार्षद श्याम बालक साव , हेड क्लर्क दिनेश कुमार,राजू समेत अन्य मौजूदथे।

# फर्जी नियुक्ति मामले में शिक्षा विभाग सख्त, एक सप्ताह में मांगी जांच रिपोर्ट



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। सिलाव प्रखंड के मध्य विद्यालय दरियासराय में कथित फर्जी शिक्षक नियुक्ति मामले में शिक्षा विभाग ने जांच प्रक्रिया तेज कर दी है। क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, पटना प्रमंडल कार्यालय से जिला शिक्षा पदाधिकारी नालंदा को पत्र भेजकर मामले की सम्यक जांच कर एक सप्ताह के भीतर तथ्यात्मक प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना निवासी सविता देवी उर्फ सविता कुमारी ने शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया है कि मध्य विद्यालय दरियासराय, सिलाव में कार्यरत कुछ शिक्षकों की नियुक्ति फर्जी तरीके से की गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया कि संबंधित शिक्षकों को कथित अनियमितता के बावजूद वेतन भुगतान भी किया गया।

क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक राज कुमार द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि शिकायत पत्र में वर्णित मामला जिला शिक्षा कार्यालय के क्षेत्राधिकार से जुड़ा है। इसलिए शिकायत में अंकित सभी बिंदुओं की गंभीरता से जांच करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

विभाग ने निर्देश दिया है कि शिकायत पत्र में संलग्न साक्ष्यों की समीक्षा कर बिंदुवार रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। साथ ही सिलाव प्रखंड में फर्जी शिक्षक नियुक्ति मामले की जांच कर चुके चार सदस्यीय जांच दल की रिपोर्ट की सत्यापित प्रति भी भेजने को कहा गया है।

शिक्षा विभाग की इस कार्रवाई के बाद संबंधित शिक्षकों और विभागीय कर्मियों में हलचल तेज हो गई है।

अब सभी की नजर जांच रिपोर्ट और आगे होने वाली कार्रवाई पर टिकी है।






# चेतना सत्र में गूंजा पंत का काव्य, बच्चों को मिली ऐतिहासिक जानकारी





संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बुधवार को आर जी एल उच्च विद्यालय छबीलापुर, बिहारशरीफ में आयोजित चेतना सत्र ज्ञान, साहित्य, इतिहास और सांस्कृतिक जागरूकता का अनूठा संगम बन गया। चेतना सत्र का संचालन मेंटॅर शिक्षक अजय कुमार द्वारा किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को महान साहित्यकारों, ऐतिहासिक घटनाओं तथा सामाजिक महत्व के विषयों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान छायावाद के प्रमुख स्तंभ एवं प्रकृति के सुकुमार कवि सुमित्रानंदन पंत की जयंती पर विशेष चर्चा की गई।

मेंटॅर शिक्षक अजय कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि छायावाद हिंदी साहित्य की वह धारा है, जिसमें स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह दिखाई देता है। उन्होंने बताया कि सुमित्रानंदन पंत ने अपनी कविताओं में प्रकृति को जीवंत रूप प्रदान किया। उनकी रचनाओं में प्रकृति का सौंदर्य, हरियाली और कोमलता अत्यंत भावपूर्ण तरीके से दिखाई देती है। उन्होंने पंत की प्रसिद्ध कविता की पंक्तियां सुनाते हुए विद्यार्थियों को साहित्यिक भावों से अवगत कराया।


"छोड़ द्रुमों की मृदुल छाया,
तोड़ प्रकृति से भी माया,
बाले तेरे बाल-जाल में
कैसे उलझा दूँ लोचन।"

काव्य पाठ के माध्यम से विद्यार्थियों को हिंदी साहित्य की समृद्ध परंपरा और प्रकृति प्रेम का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अजय कुमार ने बताया कि आज ही के दिन 20 मई 1498 को पुर्तगाली नाविक वास्को द गामा कालीकट के तट पर पहुंचा था, जिसने भारत और यूरोप के बीच समुद्री व्यापार मार्ग खोलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने यह भी बताया कि भारत की खोज के दौरान उसके साथ निकले 199 नाविकों में से केवल 55 नाविक ही जीवित वापस लौट सके थे।

चेतना सत्र में विद्यार्थियों को विश्व मधुमक्खी दिवस की जानकारी भी दी गई। शिक्षकों ने बताया कि मधुमक्खियां पर्यावरण संतुलन और कृषि उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बच्चों को प्रकृति संरक्षण और जैव विविधता के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत संगीत शिक्षिका सोनल साक्षी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना गीत "सुबह सबेरे लेकर तेरा नाम प्रभु" से हुई। वहीं चेतना सत्र का समापन वंदे मातरम् और राष्ट्रगान के साथ खुशनुमा वातावरण में संपन्न हुआ। विद्यालय के कई छात्र-छात्राएं राजगीर मलमास मेले में स्काउट गाइड के साथ सेवा कार्य में गए हुए थे, जिसके कारण विद्यार्थियों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम रही। इसके बावजूद विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने चेतना सत्र को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक ओंकार देव आर्य, कुंज बिहारी, कुंजेश, अजय कुमार राणा, राकेश कुमार, शंकर कुमार, मोहम्मद आफताब आलम, रौशन कुमार सिंह, कल्पना रेखा, सीमा कुमारी, सोनल साक्षी, राखी कुमारी, धीरज कुमार, शिशुपाल पांडे एवं सुशील सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। वहीं विद्यार्थियों में प्रिया भारती, नंदिनी कुमारी, अंशु कुमारी, जयशीष कुमार, खुशी कुमारी, स्वाति कुमारी, निशा कुमारी, नूतन कुमारी, सलोनी कुमारी, मौसम कुमारी, सुरुचि कुमारी, अंकित कुमार, पूनम कुमारी और अन्य छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।






# ब्रांड बिहार पहल से राज्य की नई पहचान, निवेश और विकास को मिलेगी रफ्तार




जेपी चौधरी

पटना (अपना नालंदा)। बिहार सरकार ने राज्य की पहचान, छवि और निवेश क्षमता को राष्ट्रीय तथा वैश्विक स्तर पर मजबूत बनाने के उद्देश्य से "ब्रांड बिहार" पहल की शुरुआत की है। यह पहल मुख्य सचिव कोषांग के अंतर्गत स्थापित की गई एक रणनीतिक राज्यव्यापी योजना है, जिसका उद्देश्य बिहार की सकारात्मक छवि को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना और राज्य को निवेश, नवाचार, उद्यमिता एवं अवसरों के उभरते केंद्र के रूप में स्थापित करना है।

सरकार का मानना है कि बिहार में तेजी से हो रहे विकास, आधारभूत संरचना के विस्तार, संस्थागत सुधार, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और स्टार्टअप क्षेत्र में हुए बदलावों को एक सशक्त पहचान देने की आवश्यकता है। इसी सोच के तहत "ब्रांड बिहार" को तैयार किया गया है, ताकि राज्य की वास्तविक उपलब्धियों और जमीनी स्तर पर हो रहे परिवर्तन को देश और दुनिया तक व्यवस्थित तरीके से पहुंचाया जा सके।

इस पहल के माध्यम से बिहार सरकार राज्य की सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक महत्व, युवाओं की प्रतिभा, नवाचार, उद्यमिता और विकास कार्यों को एक साझा मंच पर लाने का प्रयास करेगी। "ब्रांड बिहार" विभिन्न सरकारी विभागों, संस्थानों, उद्योगों, स्टार्टअप्स, शिक्षण संस्थानों और सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर कार्य करेगा, ताकि बिहार की विकास यात्रा को एक मजबूत और सकारात्मक पहचान मिल सके।

सरकार के अनुसार, इस पहल का मुख्य उद्देश्य केवल प्रचार-प्रसार करना नहीं है, बल्कि बिहार के लिए दीर्घकालिक ब्रांड निर्माण और रणनीतिक संचार व्यवस्था विकसित करना भी है। इसके तहत राज्य में हो रहे विकास कार्यों, सरकारी योजनाओं के सकारात्मक प्रभाव, नागरिकों की भागीदारी और विभागीय उपलब्धियों को साक्ष्य आधारित संचार एवं प्रभावशाली स्टोरीटेलिंग के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा।

"ब्रांड बिहार" के तहत बिहार को निवेश के अनुकूल राज्य के रूप में स्थापित करने पर भी विशेष जोर दिया जाएगा। विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों, औद्योगिक संभावनाओं और नई परियोजनाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों तक पहुंचाने की योजना बनाई गई है। सरकार का लक्ष्य है कि बिहार में उद्योग, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिले।

इस पहल का एक महत्वपूर्ण पहलू आधुनिक तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) का उपयोग भी होगा। सरकार जनभावनाओं और लोगों की प्रतिक्रियाओं का आकलन करने के लिए एआई आधारित निगरानी प्रणाली और डैशबोर्ड विकसित करेगी। इसके माध्यम से राज्य की छवि, लोगों की राय और विभिन्न अभियानों के प्रभाव का अध्ययन किया जाएगा, जिससे रणनीतियों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

"ब्रांड बिहार" पहल का संचालन बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत के नेतृत्व में किया जाएगा। वहीं इस पहल को सहयोग देने की जिम्मेदारी श्रद्धा शर्मा निभाएंगी। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह पहल राज्य के सभी विभागों के समन्वय और सक्रिय भागीदारी से आगे बढ़ेगी।

लॉन्च के अवसर पर कहा गया कि "ब्रांड बिहार" केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि बिहार की नई पहचान और उज्ज्वल भविष्य की दिशा में उठाया गया एक बड़ा कदम है। इसका उद्देश्य राज्य की उपलब्धियों, अवसरों और विकास यात्रा को प्रभावी ढंग से दस्तावेजित और प्रस्तुत करना है, ताकि बिहार की एक मजबूत, प्रामाणिक और भविष्य के लिए तैयार छवि बनाई जा सके।

# कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में भोजपुरी सिनेमा का परचम, "बीवी हो तो ऐसी" का फर्स्ट लुक लॉन्च




विश्व प्रसिद्ध कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में भोजपुरी सिनेमा ने एक बार फिर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई है। आज भारत पवेलियन में भोजपुरी फिल्म "बीवी हो तो ऐसी" का फर्स्ट लुक पोस्टर भव्य अंदाज में लॉन्च किया गया। इस मौके पर फिल्म से जुड़े कलाकारों, निर्माताओं और भारतीय सिनेमा जगत की कई प्रमुख हस्तियों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को खास बना दिया।

फिल्म के निर्माता निशांत उज्जवल ने इस अवसर को भोजपुरी सिनेमा के लिए ऐतिहासिक और गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि कान्स जैसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मंच पर भोजपुरी फिल्म का प्रस्तुत होना इस बात का प्रमाण है कि क्षेत्रीय सिनेमा अब वैश्विक पहचान बना रहा है। निशांत उज्जवल ने कहा कि "बीवी हो तो ऐसी" सिर्फ एक मनोरंजक फिल्म नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर आधारित एक मजबूत सामाजिक संदेश देने वाली फिल्म है।

फिल्म का निर्देशन सोमभूषण श्रीवास्तव ने किया है, जबकि इसका निर्माण रेणुविजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट प्रा.लि. के बैनर तले किया गया है। फिल्म में भोजपुरी सिनेमा की लेडी सुपरस्टार आम्रपाली दुबे और सुपर स्टार विक्रांत सिंह मुख्य भूमिका में नजर आयेंगे। उनके साथ देव सिंह, रामसुजन सिंह, माया यादव, सुबोध सेठ, सबा खान, साहिबा, पल्लवी कोली, मनोज द्विवेदी और अवधेश मिश्रा जैसे कलाकार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगे। वहीं संजय पांडेय फिल्म में फ्रेंडली अपीयरेंस में नजर आएंगे। फिल्म के संगीतकार ओम झा एवं रजनीश मिश्रा हैं, जबकि सह - निर्माता डॉ संदीप उज्ज्वल और सुशांत उज्ज्वल हैं।

निशांत उज्जवल ने FICCI, NFDC, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, IMPPA, IMPPA एवं FFI के अध्यक्ष अभय सिन्हा, जितेंद्र भारद्वाज और सभी गणमान्य अतिथियों का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारतीय और क्षेत्रीय सिनेमा को अंतरराष्ट्रीय मंच देने में इन संस्थाओं का योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। आपको बता दें कि निशांत बिहार के रहने वाले हैं और वे इम्प्पा के प्रतिनिधिमंडल के साथ कांस फिल्म फेस्टिवल में शिरकत कर रहे हैं।

गौरतलब है कि रेणुविजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट प्रा.लि. भोजपुरी सिनेमा की प्रतिष्ठित निर्माण कंपनियों में शामिल है, जिसने हमेशा साफ-सुथरी, पारिवारिक और गुणवत्तापूर्ण फिल्मों का निर्माण किया है। इस बैनर की कई फिल्मों ने सिनेमाघरों के साथ-साथ यूट्यूब पर भी शानदार सफलता हासिल की है। अब "बीवी हो तो ऐसी" से भी दर्शकों और भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री को काफी उम्मीदें हैं।




# जदयू जनसुनवाई में मंत्रियों ने सुनीं समस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित निर्देश

पटना (अपना नालंदा)। जदयू प्रदेश कार्यालय, पटना में बुधवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में बिहार के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को विधिसम्मत समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान परिवहन मंत्री दामोदर रावत तथा आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सदा ने भी अपने-अपने विभागों से जुड़ी शिकायतों औरसमस्याओं को सुनकर उनके शीघ्र निष्पादन के लिए अधिकारियों को आवश्यक पहल करने का निर्देश दिया।



जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद उपस्थित लोगों ने मंत्रियों की संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई की सराहना की। फरियादियों ने कहा कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनकर समाधान के लिए सकारात्मक पहल की गई, जिससे लोगों में भरोसा बढ़ा है।कार्यक्रम में पूर्व मंत्री रंजू गीता, अनिल कुमार, प्रो. नवीन आर्य चंद्रवंशी, लोकप्रकाश सिंह तथा अरुण कुमार सिंह सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

# फार्मर रजिस्ट्री अभियान में जहानाबाद ने बनाई पहचान, राज्य में मिला नौवां स्थान



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। एग्री स्टैक परियोजना के अंतर्गत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री प्रक्रिया में तेजी लाने के उद्देश्य से बुधवार को जहानाबाद जिले की सभी पंचायतों में विशेष मेगा कैंप का आयोजन किया गया। कृषि विभाग के निर्देशानुसार आयोजित इस अभियान का जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने मोदनगंज प्रखंड की गंधार पंचायत के धामापुर गांव एवं बंधुगंज पंचायत के मननपुर गांव पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने किसानों से बातचीत कर फार्मर आईडी निर्माण की स्थिति की जानकारी ली तथा अधिक से अधिक किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि फार्मर आईडी के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, फसल बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड, बीज अनुदान, खाद सब्सिडी, कृषि यंत्र अनुदान और आपदा राहतजैसी योजनाओं का लाभ सीधे एवं पारदर्शी तरीके से किसानों तक पहुंचाया जाएगा।जिला पदाधिकारी ने कृषि एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि नाम, खाता, खेसरा अथवा अन्य त्रुटियों से संबंधित परिमार्जन आवेदनों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी भी किसान की रजिस्ट्री लंबित न रहे।उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति, संयुक्त सचिव राजीव कुमार, अपर समाहर्ता अनिल कुमार सिन्हा तथा विनय कुमार समेत कई अधिकारियों ने विभिन्न पंचायतों में कैंप का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जिला प्रशासन के सतत अनुश्रवण और प्रभावी नेतृत्व के कारण जहानाबाद जिला फार्मर रजिस्ट्री कार्य में राज्य स्तर पर नौवें स्थान पर पहुंच गया है।प्रशासन ने किसानों से जल्द से जल्द अपना फार्मर आईडी बनवाने की अपील की है।

# जनता दरबार में एसपी अपराजित लोहान ने सुनीं शिकायतें, दिए त्वरित निर्देश




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिला पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान ने बुधवार को आयोजित जनता दरबार में आम लोगों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे।

जनता दरबार में कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन्हें पुलिस अधीक्षक ने गंभीरता से सुना। उन्होंने प्रत्येक मामले का बारीकी से निरीक्षण करते हुए संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को त्वरित एवं न्यायसंगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस दौरान कई लोगों ने अपनी व्यक्तिगत, भूमि विवाद, आपराधिक घटनाओं तथाअन्य समस्याओं से संबंधित आवेदन सौंपे।पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान ने कहा कि आम जनता को न्याय दिलाना पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जनता दरबार के दौरान लोगों में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ता दिखाई दिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पुलिस अधीक्षक की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि सीधे संवाद से समस्याओं के समाधान की उम्मीद मजबूत हुई है। वहीं पुलिस और जनता के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने की दिशा में इसे सकारात्मक पहल माना जा रहा है।

# बंसी अहरा में आरसीसी पुलिया निर्माण शुरू, ग्रामीणों को मिलेगी बड़ी राहत

थरथरी (अपना नालंदा)। थरथरी प्रखंड अंतर्गत कचहरिया पंचायत के कचहरिया गांव में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत बंसी अहरा पर आरसीसी पुलिया निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। लगभग 15 लाख रुपये की लागत से बनने वाली इस पुलिया का उद्घाटन हिलसा विधायक कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया ने किया।

शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है। पुलिया निर्माण से आसपास के ग्रामीणों को आवागमन में काफी सुविधा होगी तथा बरसात के दिनों में होने वाली परेशानियों से भी राहत मिलेगी।

ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से इस पुलिया निर्माण की मांग की जा रही थी। पुल के अभाव में लोगों को खासकर बारिश के मौसम में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब पुलिया निर्माण शुरू होने से क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है।



इस पुलिया के बन जाने से कचहरिया सहित आसपास के कई गांवों के लोगों का संपर्क सुगम होगा और किसानों को भी खेतों तक आने-जाने में सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# घोसी विधायक ऋतुराज कुमार ने पूर्व विधायकों पर लगाए गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। घोसी विधायक ऋतुराज कुमार ने एक कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए दो पूर्व विधायकों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने पूर्व विधायक रामबली सिंह यादव और सुदय यादव के कार्यकाल पर सवाल उठाते हुए भ्रष्टाचार और उगाही के आरोप लगाए।

विधायक ऋतुराज कुमार ने कहा कि पूर्व विधायक रामबली सिंह यादव अपने कार्यकाल में अस्पताल, स्कूल, नगर पालिका, प्रखंड कार्यालय और थाना में केवल लाल झंडा लेकर घूमते थे तथा झोला भरकर उगाही करते थे। उन्होंने यह भी कहा कि चुनुकपुर में टीओपी खुलने को लेकर पूर्व विधायक द्वारा किए गए दावे पूरी तरह गलत हैं। इसी दौरान उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि शायद उनका "चश्मे का । नंबर बढ़ गया है।"

वहीं जहानाबाद के पूर्व विधायक सुदय यादव पर हमला बोलते हुए ऋतुराज कुमार ने कहा कि अस्पतालों में औचक निरीक्षण के नाम पर केवल दबाव और उगाही का काम किया जाता था। उन्होंने इसे "धंधा" करार देते हुए कहा कि जनता अब सब समझ चुकी है।

ऋतुराज कुमार ने सुदय यादव को "अनुकंपा वाले विधायक" बताते हुए आरोप लगाया कि उनके कार्यकाल में सरकारी संस्थानों से कमीशनखोरी की जाती थी। विधायक ने दावा किया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में व्यवस्था में सुधार किया जाएगा और औचक निरीक्षण लगातार जारी रहेगा।

राजनीतिक बयानबाजी के बाद अब सबकी नजर राजद खेमे की प्रतिक्रिया पर टिकी हुई है


Kalope
HOMES
Now in
BIHAR SHARIF
PREMIUM MODULAR KITCHEN
@ ₹99,999 में.
Upgrade Your Home with Luxurious uPVC Kitchen
ZERO
WOOD
TECHNOLOGY
No Wood
100%
Waterproof
uPVC
Termite
Proof
Low
Maintenance
10
YEAR
WARRANTY
LIMITED OFFER FOR FIRST 20 CUSTOMERS ONLY
BOOK FREE SITE VISIT »
+91 74887 06578
*T&C Apply | Limited Offer

# नालंदा विश्वविद्यालय बना वैश्विक सुशासन और नीति अनुसंधान का नया केंद्र



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा विश्वविद्यालय में मंगलवार को "कौटिल्य ग्लोबल सेंटर फॉर स्टेट कैपेसिटी" का औपचारिक शुभारंभ किया गया। राजगीर स्थित विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित उद्घाटन सम्मेलन में देश-विदेश के नीति-निर्माताओं, विद्वानों, प्रशासनिक विशेषज्ञों और विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस केंद्र का उद्देश्य वैश्विक दक्षिण के देशों में शासन व्यवस्था, सार्वजनिक नीति, संस्थागत सुधार और राज्य क्षमता से जुड़े शोध, संवाद तथा व्यावहारिक अध्ययन को बढ़ावा देना है।

कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी. के. मिश्रा ने किया। इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) तथा विदेश मंत्रालय के सचिव (ईस्ट) रुद्रेंद्र टंडन विशेष रूप से उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. पी. के. मिश्रा ने कहा कि यह केंद्र एशियाई बौद्धिक परंपरा और वैश्विक दक्षिण के शासन अनुभवों को आधार बनाकर सुशासन की साझा वैश्विक क्षमता विकसित करने का प्रयास करेगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत, जैम ट्रिनिटी तथा मिशन कर्मयोगी जैसी योजनाएं भारत में सक्षम राज्य व्यवस्था के सफल उदाहरण हैं। इन अनुभवों को विश्व समुदाय के लिए उपयोगी ज्ञान में बदलने की क्षमता इस केंद्र में मौजूद है। उन्होंने कहा कि अधिकांश विकासशील देशों के सामने सबसे बड़ी चुनौती नीतियों की कमी नहीं, बल्कि सार्वजनिक संस्थानों की सीमित कार्यक्षमता है, जिसके कारण योजनाओं का प्रभाव आम लोगों तक पूरी तरहनहीं पहुंच पाता।

डॉ. मिश्रा ने शासन को नैतिक दायित्व बताते हुए कहा कि राज्य क्षमता का उद्देश्य नागरिकों की बेहतर सेवा करना है। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन बौद्धिक परंपरा ने शासन और समाज के इस संबंध पर गहराई से विचार किया है और अब भारत इसे नए आत्मविश्वास के साथ वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत कर रहा है।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालयों, शोध संस्थानों और नीति केंद्रों के बीच मजबूत सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य की शासन प्रणालियों को विकसित करने में ज्ञान नेटवर्क की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। कार्यक्रम में विश्व बैंक, गेट्स फाउंडेशन तथा कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन सहित कई प्रमुख संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। विश्व बैंक के हेमांग जानी ने इस केंद्र की वैश्विक संभावनाओं और महत्व पर प्रकाश डाला।

नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने अतिथियों और प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन की प्रक्रिया से पुनर्जीवित नालंदा विश्वविद्यालय इस केंद्र को मजबूत बौद्धिक और संस्थागत आधार प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय आज भारत, एशिया और वैश्विक दक्षिण के देशों को साझा शासन विषयों पर जोड़ने की क्षमता रखता है।

यह केंद्र विश्व बैंक, संयुक्त राष्ट्र प्रणाली, गेट्स फाउंडेशन, कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन तथा अन्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के सहयोग से कार्य करेगा। साथ ही श्रीलंका, भूटान, म्यांमार, थाईलैंड और वियतनाम जैसे देशों के साथ अनुसंधान, तकनीकी आदान-प्रदान और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों को भी आगे बढ़ाया जाएगा।



# छह माह में बेरोजगारी, अपराध और पलायन बढ़ा, सरकार पूरी तरह विफल: जन सुराज



संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)। जन सुराज पार्टी ने नवादा में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एनडीए सरकार पर युवाओं, महिलाओं और मजदूरों से किए गए वादे पूरे नहीं करने का आरोप लगाया। पार्टी नेताओं ने कहा कि सरकार के छह महीने के कार्यकाल में बेरोजगारी, पलायन और अपराध की घटनाओं में लगातार वृद्धि हुई है, जबकि रोजगार और महिला सहायता से जुड़े वादे अब तक केवल घोषणाओं तक सीमित हैं।

जिला अध्यक्ष त्रिवेणी सिंह ने कहा कि बिहार के युवा रोजगार के अभाव में दूसरे राज्यों की ओर पलायन करने को मजबूर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि टीआरई-4 भर्ती प्रक्रिया में भी छात्रों के साथ अन्याय हुआ है, जिससे युवाओं में भारी नाराजगी है। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं की उम्मीदों पर खरी उतरने में पूरी तरह विफल रही है।

जिला मुख्य प्रवक्ता मिथिलेश प्रसाद सिंह ने राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था और बढ़ते अपराध पर चिंता जताते हुए कहा कि सरकार अपराध नियंत्रण में असफल साबित हो रही है। वहीं मीडिया ज़ोनल प्रभारी अजय कुमार ने नीट छात्रा हत्याकांड में समय पर चार्जशीट दाखिल नहीं होने पर सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए।पार्टी नेताओं ने कहा कि जन सुराज पार्टी जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाती रहेगी। "बिहार नवनिर्माण अभियान" के अगले चरण में कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से संवाद करेंगे और जन समस्याओं को सामने लाएंगे।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में उदय शंकर, सैयद मसूद्दीन, ललन कुमार शर्मा, स्वीटी कुमारी, राधा देवी, पूनम कुमारी गुप्ता और नीरज कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पंद्रह सूत्री मांगों को लेकर शिक्षकेतर कर्मचारियों का राज्यव्यापी आंदोलन हुआ तेज

संजय वर्मा




नवादा (अपना नालंदा)। हिसुआ नगर परिषद स्थित मगध विश्वविद्यालय, बोधगया की अंगीभूत इकाई टी.एस. कॉलेज, हिसुआ के शिक्षकेतर कर्मचारी बुधवार को एक दिवसीय हड़ताल पर रहे। बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ, पटना और मगध प्रक्षेत्र के आह्वान पर कर्मचारियों ने अपनी पंद्रह सूत्री मांगों के समर्थन में आंदोलन तेज कर दिया है।टी.एस. कॉलेज शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के सचिव मुकेश कुमार ने बताया कि आंदोलन के प्रथम चरण में 6 और 7 मई को कर्मचारियों ने कलमबंद हड़ताल कर प्रशासनिक भवन में धरना दिया था। दूसरे चरण के तहत 20 मई को राज्य के विभिन्न पारंपरिक विश्वविद्यालयों एवं करीब 250 अंगीभूत महाविद्यालयों के लगभग 33 हजार शिक्षकेतर कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहे। इस दौरान विश्वविद्यालय मुख्यालय में कुलपति के समक्ष धरना और प्रदर्शन भी किया गया।मगध प्रक्षेत्र शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के संयुक्त सचिव डॉ. शेखर कुमार ने कहा कि महासंघ की प्रमुख मांगों में वेतन सत्यापन कोषांग की मनमानी पर रोक, वेतन विसंगति का समाधान, सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का पालन, पदोन्नति, स्थायीकरण तथा सातवें वेतनमान के वेतांतर का भुगतान शामिल है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर जुलाई के प्रथम सप्ताह में बिहार विधानसभा का घेराव कर व्यापक प्रदर्शन किया जाएगा। धरना कार्यक्रम में मुकेश कुमार, राधारमण, रौशन कुमार, अमरजीत कुमार, शैलेंद्र कुमार, बबीता कुमारी सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

# छात्र नेताओं की पहल से कॉलेज में बहाल हुआ परीक्षा केंद्र, छात्रों को राहत

हिलसा (अपना नालंदा)। बुधवार को छात्र जदयू एवं छात्र राजद के नेताओं ने सरदार पटेल कॉलेज के प्राचार्य ज्वाला प्रसाद से मुलाकात कर कॉलेज की विभिन्न समस्याओं और परीक्षा संचालन को लेकर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान छात्र नेताओं ने कॉलेज में छात्रों को हो रही परेशानियों से प्राचार्य को अवगत कराते हुए उनके समाधान की मांग की।छात्र नेताओं ने बताया कि हाल ही में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय द्वारा एसयू कॉलेज का परीक्षा केंद्र बिहारशरीफ स्थानांतरित कर दिया गया था, जिससे छात्रों को काफी परेशानी होने वाली थी। हालांकि छात्र जदयू के प्रयास से परीक्षा केंद्र को पुनः सरदार पटेल कॉलेज में बहाल करा लिया गया। नेताओं ने कहा कि विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक मनोज कुमार ने आश्वासन दिया है कि आगामी स्नातक के सभी सेमेस्टर की परीक्षाएं हिलसा अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न कॉलेजों के लिए एसयू कॉलेज एवं सरदार पटेल कॉलेज में ही आयोजित की जाएंगी।